सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 12 जनवरी 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) अपने तीन दिवसीय बिहार दौरे पर शुक्रवार को पटना साहिब पहुंचे। राज्यपाल ने दशमेश पिता गुरु गोबिंद सिंह जी के जन्मस्थान श्री पटना साहिब जी में मत्था टेका और उत्तराखण्ड प्रदेश एवं देश वासियों के उत्तम स्वास्थ्य और प्रगति की कामना की।

राज्यपाल ने कहा ‘‘मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूँ कि गुरुजी की पावन धरती में आने का अवसर प्राप्त हुआ। कुछ दिनों में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व बड़े धूम धाम से मनाया जायेगा, आइए इस पौष महीने को, उत्साह और श्रद्धांजलि के रूप में अर्पित करें।’’

............0............